| Publication : Seema Sandesh | Edition : Jaipur |
| --- | --- |
| Date : December 04, 2019 | Page: 5 |

# बैंक ऑफ बड़ौदा ने लॉन्च किया 'बड़ौदा टैबइट'

**मुंबई (एजेंसी)।** भारत के दूसरे सबसे बड़े सरकारी बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने 'बड़ौदा टैबइट' को लॉन्च किया। इससे टेबलेट के जरिए रिटेल लायबिलिटी और रिटेल एस्सेट प्रोडक्ट्स को डिजिटल तरीके से उपलब्ध कराया जा सकेगा। बैंक ऑफ बड़ौदा लगातार नयी-नयी डिजिटल पेशकशों को उपलब्ध कराने हेतु प्रयास करता रहा है और 'करेंट एकाउंट ओपनिंग' और 'प्री-एप्रूव्ड पर्सनल लोन' डिजिटल परिवर्तन के इस सफर का हिस्सा है। बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने ग्राहकों के लिए चालू खाता खोलने की प्रक्रिया डिजिटल कर दिया है, जिससे टेबलेट्स के जरिए तुरंत खाता खोला जा सकेगा। इसका उद्देश्य बेहतरीन बैंकिंग अनुभव प्रदान करना और परंपरागत चैनलों के बजाए नये चैनल्स के जरिए ग्राहकों को जोड़ना है। यह सुविधा सोल प्रोप्रायटरशिप एवं व्यक्तिगत चालू खाताधारकों के लिए उपलब्ध है। आगे इस सुविधा को पार्टनरशिप एवं लिमिटेड कंपनियों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा, जो कि इंडस्ट्री की अनूठी पेशकश है।